This Question Paper contains 7 printed pages.

Seat No.: | | | | | | | |

Sl. No. :

# 009(H)

**(March, 2023)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

सूचनाएँ :

1 ) इस प्रश्नपत्र में 5 विभाग हैं और कुल 55 प्रश्न हैं।

2 ) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।

3 ) शुद्ध वाक्यरचना, भाषाशैली एवं स्वच्छता पर ध्यान दें।

4 ) प्रश्नों के अंक दाहिनी ओर दिए गए हैं।

## विभाग - A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **[3]**

( 1 ) नमक की गाड़ियाँ किसकी थीं?

(अ) मुन्शी वंशीधर (ब) पंडित जगप्रसाद

(स) पंडित अलोपीदीन (द) बदलू सिंह

( 2 ) सोमा बुआ के मृत पुत्र की एक मात्र निशानी क्या थी?

(अ) कलम-कॉपी (ब) संदूक

(स) मकान (द) अंगूठी

( 3 ) लेखक ने अपना कैसा घर बेचने का विचार किया?

(अ) नया (ब) पुश्तैनी

(स) शहर का (द) बड़ा



https://www.gujaratboardonline.com

■ रचना के साथ योग्य पात्र जोड़ा मिलाकर लिखिए : [2]

| रचना | पात्र |
|---|---|
| ( 4 ) चार्ल्स टाउन से जोहनिसबर्ग | (i) संन्यासी महाराज |
| | (ii) गौरी |
| ( 5 ) अकेली | (iii) गोरा मुखिया |

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए: [4]

( 6 ) 'अकेली' कहानी का प्रमुख पात्र कौन है?

( 7 ) लेखक विद्यानिवास मिश्र का मन उदास क्यों है?

( 8 ) रेडियम की उत्पत्ति किस पदार्थ से हुई है?

( 9 ) सरदार पटेल के ज्येष्ठ भ्राता का नाम क्या है?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : [6]

( 10 ) पंडित अलोपीदीन कौन थे?

( 11 ) सोमा बुआ के पति का व्यवहार कैसा था?

( 12 ) हिन्दुस्तानी भाइयों ने गाँधीजी से क्या कहा?

**अथवा**

चार्ल्स टाउन से जोहनिसबर्ग कैसे पहुँचा जाता था?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सात-आठ वाक्यों में लिखिए : [10]

( 13 ) लेखक का पुराना घर कैसे बनाया गया था?

**अथवा**

लेखक ने पुराना घर बेच देने का विचार क्यों किया?

( 14 ) रेडियम भारतवासियों पर क्यों प्रसन्न नहीं है?


https://www.gujaratboardonline.com

## विभाग - B

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए : [3]

(15) ओलूँरी का क्या अर्थ है?

(अ) विरोधी (ब) माफिक

(स) कौतूहल (द) विनय

(16) गोपियाँ किसकी बनी माला पहनेंगी?

(अ) गुंजा की (ब) मोरपंख की

(स) फूलों की (द) मोती की

(17) शिशु-सिंह के साथ कौन खेल रहा था?

(अ) बालक भरत (ब) बालक राम

(स) बालक कृष्ण (द) बालक गणेश

■ कविता के साथ कवि का नाम लिखकर जोड़ा मिलाइए : [2]

| कविता | कवि |
|---|---|
| (18) बीत गई सो बात गई | (i) रसखान |
| | (ii) नागार्जुन |
| | (iii) हरिवंशराय बच्चन |
| (19) भारत शिररत्न: भरत | (i) दुष्यंत कुमार |
| | (ii) जयशंकर प्रसाद |
| | (iii) रामदरश मिश्र |

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [4]

(20) कृष्ण किस रास में गीत गा रहे हैं?

(21) बालक का लालन-पालन कहाँ हुआ?



https://www.gujaratboardonline.com

(22) डाकिया क्या बाँटता फिरता है?

(23) हारिल कैसा पक्षी है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[6]**

(24) बाढ़ की संभावनाएँ कविता का मूल तात्पर्य क्या है?

(25) कवि सूरज बड़त्या की दिनचर्या क्या है?

(26) महाप्रस्थान काव्य में कैसे प्रश्न उठाए हैं?

**अथवा**

सितारे के रूपक से कवि हरिवंशराय बच्चन क्या समझाना चाहते हैं?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सात-आठ वाक्यों में लिखिए :** **[10]**

(27) भारतरत्न: भरत कविता का भावार्थ लिखिए।

(28) ब्रज में कृष्ण द्वारा होली खेलने का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

कृष्ण के स्वाँग में गोपियों का वर्णन कीजिए।

## विभाग - C

■ **निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :** **[2]**

(29) निर्भीक

(30) भर्त्सना

■ **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :** **[2]**

(31) आकाश

(32) दिन



https://www.gujaratboardonline.com

■ **निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए :** [2]

(33) आग

(34) आम

■ **निम्नलिखित शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए :** [2]

(35) मिठाई

(36) सदस्यता

■ **निम्नलिखित शब्दसमूह के लिए एक शब्द दीजिए :** [2]

(37) जिसका पति मर गया हो।

(38) जिसके आने की कोई निश्चित तिथि न हो।

■ **निम्नलिखित अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके पुनः लिखिए :** [1]

(39) हमें शुद्ध गाय का दूध चाहिए।

■ **निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए :** [1]

(40) कर भला होगा भला।

■ **निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए :** [4]

(41) बाग-बाग होना-

(42) जी में काँटा चुभना-

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** [4]

(43) मनीऑर्डर क्या है?

(44) हार्डवेयर किसे कहते हैं?

(45) विराम चिन्ह किसे कहते हैं?

(46) वाक्य विग्रह किसे कहते हैं?



https://www.gujaratboardonline.com

## विभाग - D

■ निम्नलिखित पद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : [5]

(47) बाढ़ की संभावनाएँ सामने हैं, और नदियों के किनारे घर बने हैं।

■ निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर एक-तिहाई में सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : [5]

(48) हमारे पूर्वजों ने स्त्री का बड़ा महत्त्व माना है। उन्होंने स्त्री को धार्मिक कार्यों में अग्रस्थान दिया है और उसकी बड़ी प्रशंसा की है। वे मानते थे कि जिस घर में विदुषी नारी होती है, वहाँ के नर-नारी सद्गुणों से विभूषित हो जाते हैं। इसलिए तो मनु ने कहा है कि 'यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते तत्र रमन्ते देवता:' अर्थात् जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। स्त्री तो घर की रानी है। उसके स्वभाव का प्रभाव बच्चों पर सबसे ज्यादा होता है। बचपन में बालकों पर गहरे संस्कार पड़ते हैं। वे हमेशा के लिए रह जाते हैं। इस प्रकार स्त्री के कारण ही मानव समाज ने उन्नति की है। स्त्री ही दुनिया में बड़े-बड़े महापुरुष पैदा करती है। मानव समाज की उन्नति में उसका जितना हाथ है उतना किसी और का नहीं है। उसकी प्रेरणा से संसार में मनुष्य रत्न पैदा होते हैं और वह मानव समाज को उन्नति के पथ पर ले जाती है।

■ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [5]

भक्तिकाल सही अर्थ में हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग है। क्योंकि यह लोक से जुड़ा हुआ साहित्य है। इसने लोक-जीवन को रस-रंजित कर दिया है। भारत की सभी भाषाओं के साहित्य पर भक्ति आंदोलन का प्रभाव है। हिन्दी भक्त कवियों ने आध्यात्मिक साधना की ही बात नहीं की, उन्होंने सामंतवादी युग में सामंतवादी व्यवस्था की अमानवीयता की आलोचना की। यथासंभव हर प्रकार की पीड़ा एवं हिंसा का विरोध किया। इस युग ने अनेक श्रेष्ठ कवि दिए- कबीर, जायसी, सूर, तुलसी, मीरा, नानक आदि। मुसलमान, सूफी कवियों का भाषा साहित्य भी मिला।

(49) भक्तिकाल को स्वर्णयुग क्यों माना जाता है?



https://www.gujaratboardonline.com

(50) हिन्दी भक्त कवियों ने क्या किया?

(51) भक्तिकाल के श्रेष्ठ कवियों के नाम लिखिए।

(52) अन्य किन कवियों का साहित्य भक्तिकाल में प्राप्त हुआ?

(53) इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

## विभाग - E

(54) एक छोटा बालक — माँ विधवा — बालक का स्कूल में से हररोज चोरी करके कुछ-न-कुछ लाना माँ ने विरोध नहीं किया — बड़ा होकर बच्चा बड़ा चोर बन गया — फाँसी की सज़ा फरमाना— आखिरी इच्छा — माँ को मिलने बुलाना— माँ को नाक पर काटना — बोध। [5]

■ **निम्नलिखित विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए :** [10]

(55) (1) युवा और खेलकूद —
युवाओं का खेलकूद से नाता — शारीरिक सुदृढ़ता।
व्यक्तिगत एवं सामाजिक लाभ — राष्ट्रीय लाभ — उपसंहार

(2) सिनेमा से लाभ-हानि
सिनेमा की लोकप्रियता — हानि — लाभ — फिल्म निर्माताओं का कर्तव्य।

(3) मेरा प्रिय हिन्दी लेखक —
परिचय — साहित्य का स्वरूप — विशेषताएँ — व्यक्तित्व — प्रिय होने का कारण।

◆◆◆

https://www.gujaratboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.gujaratboardonline.com